(b) The West Bengal and Bihar Governments and the Establishments under the Ministries of Steel, Mines and Fuel, Commerce and Industry and Railways have been requested to make special efforts to absorb the surplus Damodar Valley Corporation employees. It has been suggested to them that recruitment teams from the various establishments under their control may be asked to visit the Damodar Valley Corporation to select suitable candidates.

The Officer on Special Duty in the Directorate General of Resettlement and Employment was recently deputed to visit the Damodar Valley Corporation. He has approached all important employers both in the private and public sectors in the region to secure preference for the surplus Damodar Valley Corporation employees in recruitment.

एयर इण्डिया इण्टरनेशनल
(फ्लाइट नं० १०४)

*१०४५. श्री मधुसूदन राव :
श्री पेल्मेकर :
श्री तंगामणि :
श्री स० म० बनर्जी :

क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इण्डिया इण्टरनेशनल का विमान (फ्लाइट नम्बर १०४), जिसे २५ अक्तूबर, १९५७ को बहुत सवेरे बम्बई पहुंच जाना चाहिये था, दिल्ली की ओर रवाना कर दिया गया, ताकि मंत्रिमंडल के एक मंत्री दिल्ली में एक बैठक में शामिल हो सकें ;

(ख) क्या यह भी सच है कि काहिरा से चलने के पूर्व विमान के रास्ते को बदलने के कोई कारण यात्रियों को नहीं बताये गये ; और

(ग) यदि हां, तो क्या इससे रुकने के अगले स्थान के बारे में सम्बन्धित यात्रियों के साथ एयर इंडिया इंटरनेशनल द्वारा किये गये समझौते का उल्लंघन नहीं होता ?

परिवहन तथा संचार मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री) : (क) वह विमान जो २४ अक्तूबर सन् १९५७ को दोपहर के एक बज कर ५ मिनट पर बंबई पहुंचने के लिये अनुसूचित था एक तो इंजन की खराबी की वजह से और दूसरे खराब मौसम होने की वजह से ज्यूरिख पर रुका रहा। यह मालूम होने पर कि अब विमान के बंबई में २५-१०-५७ को लगभग ५ बजे सुबह पहुंचने की आशा है निगम के उच्च प्रबन्धकर्ताओं ने अपनी जिम्मेदारी पर उसे दिल्ली होकर बम्बई ले जाना निश्चय किया। उन्होंने सोचा कि विमान बंबई लगभग ९ बजे पहुंच जायगा और यात्रियों को ५ बजे के स्थान पर ९ बजे पहुंचने में कोई विशेष असुविधा न होगी। जब तक कि यह मालूम हुआ कि विमान को वहां से चलने में और अधिक देरी होगी पहिले निश्चय को बदलने के लिये पर्याप्त समय नहीं था।

(ख) एयर इंडिया इंटरनेशनल के कैरो विमानपत्तन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर तथा उनके कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से यात्रियों को बता दिया था कि विमान, चालन सम्बन्धी कारणों से, दिल्ली की ओर मोड़ा जा रहा है।

(ग) एयर इण्डिया इण्टरनेशनल यह नहीं समझता कि इससे यात्रियों के साथ किये गये समझौते का उल्लंघन हुआ है।

Study in Forestry

*1046. Shri Shree Narayan Das:
Shri Radha Raman:

Will the Minister of Food and Agriculture be pleased to state:

(a) whether any Indian team of officers has gone to Finland to study modern methods of forestry and better utilisation of forest products;